न्यायालय चतुर्थ अपर जिला जज, बहराइच।

प्रकीर्ण सिविल अपील संख्या–०९/२०१९

हौसिला सिंह आदि–––बनाम–––अमरेश बहादुर सिंह आदि

CNR No-UPBH010012012019

२३.११.२०२१

पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित। प्रार्थनापत्र क–३२ पर सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थनापत्र क–३२ के माध्यम से यह कहा गया है कि अपीलार्थी हौसिला सिंह का देहान्त २४.०१.२०२१ को हो गया है। उनके वारिसान १/१ लगायत १/४ है। मेमो आफ अपील में उनको पक्षकार बनाये जाने और परिणामी संशोधन करने की आवश्यकता है। यह प्रार्थना की गयी है कि मेमो आफ अपील में उपरोक्तानुसार संशोधन करने की अनुमति दी जाये। प्रार्थनापत्र का समर्थन शपथ पत्र ग–३३ के माध्यम से किया गया है।

प्रत्यर्थीगण के विद्वान अधिवक्ता की ओर से कोई आपत्ति दाखिल नहीं की गयी है।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि हौसिला सिंह अपीलार्थी का देहान्त दिनांक २४.०१.२०२१ को हुआ है और प्रार्थनापत्र दिनांक ०६.०४.२०२१ को प्रस्तुत कर दिया गया है, जो समयसीमा के भीतर है। प्रार्थनापत्र स्वीकार कर दिये जाने से अपील के निस्तारण में मदद मिलेगी। तदनुसार प्रार्थनापत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थनापत्र क–३२ स्वीकार किया जाता है। आवश्यक संशोधन अंदर तीन दिवस किया जाये। पत्रावली दिनाँक १४.०१.२०२१ को अतिरिक्त लिखित कथन/बहस हेतु पेश हो।

(मनोज कुमार मिश्रा–II)
चतुर्थ अपर जिला जज,
बहराइच।
(J.O.Code-01710)